पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 1 जून, 2022

यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर हेग में जांच समूह के प्रतिनिधियों की बैठक

भाषा। द हेग

रूस के यूक्रेन पर किए गए हमले के दौरान हुए कथित युद्ध अपराधों की जांच के लिए मिलकर काम कर रहे देशों के प्रतिनिधियों की मंगलवार को द हेग में बैठक हो रही है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब यूक्रेन में अत्याचार के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने की मांग की जा रही है। मंगलवार की समन्वय बैठक यूरोपीय संघ न्यायिक सहयोग एजेंसी यूरोजस्ट, संयुक्त जांच दल के सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के अभियोजक करीम खान के बीच हो रही है। यह बैठक रूस द्वारा यूक्रेन के शहरों पर किए जा रहे हमलों के बीच हो रही है। उल्लेखनीय है कि रूसी बलों पर कीव के उपनगर बुचा में आम नागरिकों की हत्या करने, मारियुपोल में आम लोगों के शरण स्थल के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे थिएटर सहित असैन्य ठिकानों पर लगातार हमले करने का आरोप लगा है। मंगलवार को द हेग में संयुक्त जांच दल की बैठक हो रही है जिसका गठन मार्च में यूक्रेन, लिथुआनिया और पोलैंड ने किया था।

सीविएरोदोनेत्स्क शहर के आधे हिस्से पर रूसी सैनिकों का कब्जाः मेयर

कीव। सीविएरोदोनेत्स्क के मेयर अलेकसेंद्र स्त्रिउक के मुताबिक रूसी सैनिकों ने पूर्वी यूक्रेन के इस शहर के करीब आधे हिस्से पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने मंगलवार को फोन पर एपी से बातचीत में कहा कि भारी गोलीबारी और बमबारी की वजह से उन हजारों नागरिकों की जान खतरे में है जो अब भी इस शहर में शरण लिए हुए हैं। स्त्रिउक ने कहा, रूसियों ने आधे शहर पर कब्जा कर लिया है और सड़कों पर भीषण संघर्ष जारी है। उन्होंने कहा, हालात बहुत गंभीर हैं और शहर को निर्मम तरीके से तबाह किया जा रहा है।

तारा एअर के विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

काठमांडू। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय अनुभवी पर्वतीय गाइड की एक टीम ने तारा एअर के विमान का ब्लैक बॉक्स मंगलवार को बरामद कर लिया। यह विमान नेपाल के पवर्तीय मुस्तांग जिले में रविवार को दुर्घनाग्रस्त हो गया था जिसमें सवार चार भारतीय समेत सभी 22 लोग मारे गए थे। मुस्तांग के मुख्य जिला अधिकारी नेत्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि बचावकर्ताओं ने विमान के मलबे में से मंगलवार को अंतिम शव बरामद किया। शर्मा के मुताबिक, 10 शवों को सोमवार को काठमांडू भेज दिया गया था, जबकि बाकी शवों को दुर्घटनास्थल से कोबांग लाया गया है और उन्हें हवाई मार्ग से काठमांडू भेजा जा रहा है। हिमालय टाइम्स की खबर के मुताबिक, टर्बोप्रॉप ट्विन ओट्टर 9एन-एईटी विमान का ब्लैक बॉक्स अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय अनुभवी पर्वतीय गाइड की टीम ने दुर्घटनास्थल से बरामद कर लिया है। ब्लैक बॉक्स को काठमांडू ले जाया जाएगा।

तारा एअर के विमान के सोमवार की सुबह दुर्घटनाग्रस्त होने का पता चला था। वह खराब मौसम के बीच 19 घंटे से लापता था। दूरदराज़ का इलाका और मौसम खराब होने के कारण, खोज और बरामदगी अभियान में देरी हुई। विमान का मलबा थसांग गांव से चार घंटे की चढ़ाई पर 4,200 मीटर की उंचाई पर मिला। नेपाल की सेना, सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस, शेरपा और स्थानीय लोग सोमवार को दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव बरामद किए।

अब यह पुष्टि हो गई है कि इस हादसे में चार भारतीय नागरिकों और चालक दल के तीन सदस्यों सहित सभी 22 लोग मारे गए हैं। विमानन कंपनी की ओर से जारी यात्रियों की सूची के अनुसार, विमान में चार भारतीय मौजूद थे, जिनकी पहचान अशोक कुमार त्रिपाठी, उनकी पत्नी वैभवी बांडेकर (त्रिपाठी) और बच्चों-धनुष त्रिपाठी व ऋतिका त्रिपाठी के तौर पर हुई है।

मलेशिया ने चिकन निर्यात पर प्रतिबंध लगाया सिंगापुर में संकट

कुआलालंपुर। मलेशिया घरेलू खाद्य आपूर्ति बढ़ाने के अपने संरक्षणवादी कदम के तहत बुधवार से मुर्गे का निर्यात बंद कर देगा, जिससे पड़ोसी सिंगापुर में संकट पैदा हो गया है, जहां चिकन-चावल एक लोकप्रिय राष्ट्रीय व्यंजन है। मलेशिया के प्रधानमंत्री इस्माइल साबरी याकूब ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि मलेशिया एक जून से घरेलू कीमतें और उत्पादन स्थिर होने तक प्रति महीने 36 लाख मुर्गों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाएगा। इस कदम का सबसे ज्यादा असर सिंगापुर में महसूस किया जा सकता है, जो मलेशिया से अपने पोल्ट्री उत्पादों का एक-तिहाई हिस्सा आयात करता है। सिंगापुर स्ट्रेट्स टाइम्स ने कहा कि चिकन विक्रेताओं ने अनुमान लगाया है कि चिल्ड (बर्फ से नियत तापमान पर ठंडा कर संरक्षित किए गए) चिकन की कीमत 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है, जिससे चिकन से तैयार व्यंजनों की कीमतों में वृद्धि होना तय है।

क्विक न्यूज

पाकिस्तानी-अमेरिकी महिला ने इजराइल यात्रा का बचाव किया

इस्लामाबाद। इजराइल जाने वाले एक प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रही एक पाकिस्तानी-अमेरिकी महिला ने अपनी यात्रा का बचाव करते हुए सोमवार को कहा कि वह धार्मिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए मुसलमानों और गैर-मुसलामानों के एक छोटे से समूह के साथ यरूशलम गई थी। पाकिस्तान में पैदा हुईं अमेरिकी नागरिक अनिला अली वाशिंगटन में रहती है। उन्होंने पाकिस्तानियों की तरफ से की जा रही आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। अली की आलोचना करते हुए कुछ लोगों ने उनसे सवाल किया है कि इस यात्रा के पीछे असल में किसका हाथ है। अली ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सच्चाई की तलाश करना और मुसलमानों एवं यहूदियों के बीच मेल-मिलाप कराना था। उन्होंने कहा, इजराइल के (राष्ट्रपति) और लोगों ने हमारे लिए अपने दिल और घर खोल दिए। वे जानते थे कि हम मुसलमान है और वे यह भी जानते थे कि हम पाकिस्तानी हैं। अली ने कहा कि इजराइली जानते थे कि उनके प्रतिनिधिमंडल में सिख और ईसाई शामिल है, फिर भी उनका स्वागत किया गया। पाकिस्तान उन देशों में शुमार है, जिनके फलस्तीन मुद्दे के चलते इजराइल के साथ राजनयिक संबंध नहीं है। अली ने कहा कि उन्होंने इस महीने की शुरुआत में इजराइल गए 15 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था, जिसमें पाकिस्तानी प्रवासी शामिल थे। उन्होंने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस यात्रा के पीछे न तो पाकिस्तान सरकार और न ही अमेरिका का हाथ है।

कांगो में मंकीपॉक्स से नौ लोगों की मौत, 2022 में नाइजीरिया में संक्रमण से पहली मौत

अबूजा (नाइजीरिया)। कांगो में 2022 में मंकीपॉक्स से नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि नाइजीरिया में इस साल इस बीमारी से पहली मौत दर्ज की गई। मंकीपॉक्स का प्रकोप कई वर्षों के बाद अचानक सामने आया है। कांगो में संकुरु स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख डॉ. एमे अलोंगो ने सोमवार को बताया कि देश में इस बीमारी के 465 मामलों की पुष्टि हुई है। मंकीपॉक्स से पश्चिम और मध्य अफ्रीका सबसे ज्यादा प्रभावित है। डॉ. अलोंगो ने बताया कि कांगो में यह बीमारी मृत बंदरों और चूहों के सेवन के कारण फैली है। निवासी जंगल में प्रवेश करते है, मृत बंदरों, चमगादड़ों और चूहों को उठाते है, जो मंकीपॉक्स के स्रोत है।

वित्तीय वर्ष 2022 ऋण वृद्धि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र पीएसयू ऋणदाताओं की सूची में सर्वोच्च स्थान पर

मुंबई। बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का अग्रणी बैंक है। वित्तीय वर्ष 2021.22 में ऋण और जमाराशि वृद्धि प्रतिशत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च 2022 की समाप्ति में पुणे स्थित प्रधान कार्यालय के इस ऋणदाता ने सकल अग्रिम में 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रू 1,35,240 करोड़ का उल्लेखनीय आंकड़ा दर्ज किया। इसके बाद के स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रहेजिनकी वृद्धि क्रमशः 10.27 प्रतिशत और 9.66 प्रतिशत रही। तथापिए चौथी तिमाही के अंत मेंसमग्र रूप से एसबीआई का कुल ऋण बैंक ऑफ महाराष्ट्र की तुलना मेंलगभग 18 गुना अधिक रू 24,06,761 करोड़ और यूनियन बैंक ऑफइंडिया का पांच गुना अधिक रू 6,99,269 करोड़ रहा। जमाराशि वृद्धि के संबंध में बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने मार्च 2022 के अंत में 16.26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रू 2,02,294 करोड़ का संग्रहण किया।

प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार जमाराशि में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 11.99 प्रतिशत की वृद्धि रू10,32,102 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर रहा और इंडियन बैंक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए रू 5,84, 661 करोड़ पररहा। वित्तीय वर्ष 22 की समाप्ति पर एबैंक ऑफ महाराष्ट्रका कुल व्यवसाय भी 20 प्रतिशत की सर्वोच्च वृद्धि के साथ रू 3,37,534 करोड़ रहा, इसके बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का व्यवसाय11.04 प्रतिशत वृद्धि के साथ रू 17,31,371 करोड़ रुपये रहा। आरएएम रिटेल, कृषि और एमएसएमई, खंड में, बैंक ऑफ महाराष्ट्रने 18.65 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर के साथ रू 80,669 करोड़ का आंकड़ा दर्ज किया। बैंक का सकल एनपीए मार्च 2021 के 7.23 प्रतिशत से लगभग आधा घटकर 3.94 प्रतिशत हो गयाए जबकि निवल एनपीए मार्च 2021 के 2.48 प्रतिशत से आधे से अधिक घटकर 0.97 प्रतिशत हो गया।

मनामा बहरीन में रूस के विदेश मंत्री सर्जी लावरोव और बहरीनी राजा हामिद बिन ईसा अल खलीफा बैठक करने जाते हुए।

PUBLIC NOTICE

This is to infom all the Members Owners of NEW ADARSH CGHS LTD, Plot No-22, Sector-10, Dwarka, New Delhi--110075 that as per our old financial records prior to 31st March 2009, some amount is reflecting as Unsecured Loan taken by Management Committee from a few Members / Owners whose details are not available with us. This loan amount has not been claimed by anyone til date. Members / Owners who have valid & sufficient proofs of such deposits may kindly bring into the notice of current Management Committee on or before 30 June 2022; beyond which no claims in this regard will be considered.

For NEW ADARSH CGHS LTD
REGD. NO.-362 (GH)
DR. CHARU SRIVASTAVA (SECRETARY)
MANOJ SAXENA (PRESIDENT)

सार्वजनिक – सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनान्स लिमिटेड के पास प्रॉपर्टी फ्लेट नं.793 ग्राउंड फ्लोर पॉकेट ए सेक्टर 17 द्वारका नयी दिल्ली बंधक है. जिसके मूल एलोटमेंट पत्र तारीख 24.03.03/पोजेशन स्लिप/पोजेशन पत्र/अनापत्ति पत्र पक्ष सीता राम तारीख 28.04.04/ पेमेंट स्लिप्स/मुख्तयारनामा, मुख्तयारनामा खास, वसीयत पक्ष अजय कुमार तारीख 07.11.03/इकरारनामा पक्ष अजय कुमार दस्तावेज न. 16416/मुख्तयारनामा पक्ष सुनीता मल्होत्रा दस्तावेज न. 8235/इकरारनामा पक्ष सुनीता मल्होत्रा दस्तावेज न. 11074/मुख्तयारनामा खास तारीख 06.06.07 पक्ष सुनीता मल्होत्रा/मुख्तयारनामा पक्ष सुनील कुमार वैद और अंशु वैद दस्तावेज न. 6023/मुख्तयारनामा खास 21.07.11 और इकरारनामा तारीख 20.07.11 पक्ष सुनील कुमार वैद और अंशु वैद/कन्वेयन्स डीड पक्ष सुनील कुमार वैद और अंशु वैद दस्तावेज न. 4950 और विक्रय विलेख पक्ष मुकेश कुमार शर्मा और कीर्ति शर्मा दस्तावेज न.10822 खो गये है. तथा जिसके लिए शिकायत तारीख 27.05.2022 को थाना हरयाणा को दी गई है. यह सूचित किया जाता है की उक्त दस्तावेजो के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय मेरा पक्षकार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 07 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति की जानकारी दे दे. तथा उक्त कागजो को वापस कर दे.

एडरेंम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट
सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.-७५.
म:-९८९९०१३९१८

सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली-110048
सीआईएन : एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेल : sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट : sidhgroup.in
31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

(राशि लाख में)

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

विवरण	तिमाही समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित)	तिमाही समाप्त 31-03-2021 (लेखापरीक्षित)	वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित)
परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	5.58	(1.75)	13.02
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	0.18	(1.75)	(4.27)
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	0.18	(1.75)	(4.27)
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	0.18	(1.75)	(4.27)
अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है]	0.18	(1.75)	(4.27)
इक्विटी शेयर पूंजी	296.23	296.23	296.23
संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) (जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है)			
प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (क) मूल (ख) तनुकृत	0.01	(0.06)	(0.14)

नोट्स :

1. उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 30 मई, 2022 को सम्पन्न उनकी बैठक में अभिलेखबद्ध किया गया था।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त रूप है।
3. लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sidhgroup.in) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(हरि मोहन गुप्ता)
निदेशक
डीआईएन : 03158551

तिथि : 30-05-2022
स्थान : दिल्ली

भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति विशिष्ट नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित

वाशिंगटन। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को उनके शानदार करियर और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए विशिष्ट नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इलिनोइस के मंत्री जेसी व्हाइट ने 48 वर्षीय डेमोक्रेटिक नेता कृष्णमूर्ति को पुरस्कार प्रदान किया, जो 2017 से इलिनोइस के आठवें संसदीय जिले के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। पिछले सप्ताह कृष्णमूर्ति को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा, आपके शानदार करियर और जनसेवा के प्रति आपके समर्पण को सम्मानित करते हुए मैं आपको अपनी तरह की एक अनूठी व्यक्तिगत लाइसेंस तख्ती पेश करता हूं यह इस प्रांत और हमारे देश के लिए आपकी असाधारण सेवाओं के प्रति हमारे आभार का आपको स्मरण कराती रहेगी। विशिष्ट नेतृत्व पुरस्कार जीतने पर आपको फिर से बधाई। व्हाइट जैसे बहुआयामी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति से नेतृत्व के लिए पुरस्कार प्राप्त करना वास्तव में सम्मान की बात है।

शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी पर विराम, सेंसेक्स 359 अंक टूटा, आरआईएल, एचडीएफसी में गिरावट

मुंबई। शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लग गया और बीएसई सेंसेक्स 359.33 अंक टूटकर बंद हुआ। यूरोपीय शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण यह गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार जीडीपी के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा घरेलू मुद्रा में गिरावट का भी शेयर बाजारों पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 359.33 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 55,566.41 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 556.6 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 76.85 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,584.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मा के शेयर में सबसे अधिक 3.11 प्रतिशत की गिरावट हुई। कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी, टाइटन, इंफोसिस, एसबीआई, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं, दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील और आईटीसी के शेयर लाभ में रहे।



विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भारत जैसे तेल के आयातकों पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव पड़ेगा। वहीं, यूरोपीय संघ के रूस से तेल आयात पर आंशिक प्रतिबंध की सहमति से कच्चे तेल की कीमतें 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गई। मुद्रास्फीति का सामना कर रहे वैश्विक बाजारों को एक और धक्का लगेगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार सुधार को बनाए रखने में विफल रहा क्योंकि उसे जीडीपी के आंकड़े जारी होने का इंतजार है। उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ के रूस से तेल आयात पर प्रतिबंध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जो वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रण में करने के प्रयासों को प्रभावित करेगा।

बीएसई का स्मॉलकैप सूचकांक 0.68 फीसदी और मिडकैप 0.49 फीसदी उछल गया। चीन के कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों में ढील देने के बाद एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग मजबूती के साथ बंद हुए जबकि जापान का निक्की गिरावट लेकर बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट रही। इस बीच,, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.64 प्रतिशत महंगा होकर 123.66 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

पावरग्रिड ने नौ करोड़ रुपए से अधिक में एमटीएल का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) ने उत्तर प्रदेश में नौ करोड़ रुपए से अधिक में मोहनलालगंज ट्रांसमिशन लिमिटेड (एमटीएल) का अधिग्रहण किया है। पीजीसीआईएल ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि एमटीएल एक राज्य के अंदर पारेषण व्यवस्था स्थापित करने के लिए एक विशेष उद्देश्ईय इकाई (एसपीवी) है। इसे जून, 2021 में शुरू किया गया था। कंपनी ने कहा, पीजीसीआईएल ने शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के तहत सफल बोलीदाता के रूप में 30 मई, 2022 को एमटीएल का अधिग्रहण किया है।

PUBLIC NOTICE

Know to all, that my client MOHIT KUMAR ARORA, S/o GIRISH KUMAR ARORA has lost his property papers i.e. (1) Allotment-cum-Possession Letter, (2) NOC of water and electricity, of his property Flat No.85, 2nd Floor, Dwarkadeesh Apartments, Pocket-2, Sector-12, Dwarka, New Delhi-110075. Founder please call to the undersigned within 15 days, thereafter user shall be responsible for the use of the same.

PREM PRAKASH (Advocate)
207, Plot No.1, MLU Sector-10,Dwarka,
New Delhi-110075 Phone:+91 9871268399

RATHI STEEL AND POWER LIMITED

Regd. Office: 24/1-A, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044
CIN - L27109DL1971PLC005905
web: www.rathisteelandpower.com e-mail: investors@rathisteelandpower.com Tel: 011- 40512426

Extract of Audited Statement of Financial Results for the quarter and Year ended 31th March 2022
(in Lacs)

SL. No.	PARTICULARS	QUARTER ENDED			YEAR ENDED	
		31.03.2022 (Audited)	31.12.2021 (Unaudited)	31.03.2021 (Audited)	31.03.2022 (Audited)	31.03.2021 (Audited)
1	Total income from operations (net)	9924.95	17794.95	17536.48	54580.87	43746.69
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary item.	517.53	88.68	405.11	462.49	(35.74)
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (before Extraordinary items)	517.53	88.68	405.11	462.49	(35.74)
4	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	(3,593.82)	88.68	19,455.09	(3,648.86)	19,014.24
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(3,552.50)	90.39	19,471.93	(3,607.54)	19,031.08
6	Equity Share Capital	3,130.81	3,130.81	3,130.81	3,130.81	3,130.81
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	--	--	--	--	--
8	Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each)					
	a) Basic :	(11.48)	0.28	62.14	(11.65)	60.73
	b) Diluted:	(11.48)	0.28	62.14	(11.65)	60.73

The above is an extract of the detailed format of Statement of Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31th March 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of standalone Audited Financial Results are available on the websites of the BSE Limited (www.bseindia.com).

The above financial results were reviewed by the audit committee and approved by Board of Directors of the Company at their meeting held on 30-05-2022

Date: 30-05-2022, Place: New Delhi

एलआईसी ऑफ इंडिया ने एलआईसी का बीमा रत्न पेश किया

लखनऊ। भारतीय जीवन बीमा निगम ने एक नई बीमा रत्न योजना शुरू की है जो गैर, लिंक्ड, गैर, भाग लेने वाली, व्यक्तिगत, बचत जीवन बीमा योजना है जो सुरक्षा और बचत का संयोजन प्रदान करती है। यह एक सीमित प्रीमियम भुगतान, गारंटीड एडीशन के साथ मनी बैक प्लान है। यह प्लान 15, 20 और 25 साल की अवधि के लिए उपलब्ध है। प्रीमियम भुगतान अवधि पॉलिसी अवधि से 4 वर्ष कम है। योजना दो वर्षों की पॉलिसी अवधि टी-20 और टी-1 के लिए प्रत्येक वर्ष के अंत में विद्यमानता हित्त लाभ के रूप में मूल बीमा राशि का 25 प्रतिशत प्रदान करती है,बशर्ते पॉलिसी चालू हो और परिपक्वता पर बीमा राशि का 50 प्रतिशत शेष गारंटीड एडीशन के साथ देय है। गारंटीड एडीशन्स पॉलिसी की अवधि के साथ चरणों में बढ़ेंगे। जोखिम शुरू होने के बाद पॉलिसी की अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु होने पर योजना परिवार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। मृत्यु पर बीमा राशि मूल बीमा राशि के 125 प्रतिशत या वार्षिक प्रीमियम के 7 गुना से अधिक है और करोंए किसी भी अतिरिक्त प्रीमियम और सवारों के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम को छोड़कर कुल भुगतान किए गए प्रीमियम का 105 प्रतिशत से कम नहीं होगा। योजना ऋण सुविधा के माध्यम से तरलता की जरूरतों का भी ध्यान रखती है। शर्तों के अधीन अतिरिक्त प्रीमियम के भुगतान पर इस योजना के तहत वैकल्पिक राइडर्स उपलब्ध हैं। एक इंफोर्स और पेड अप पॉलिसी के तहत एकमुश्त के बजाय 5 साल की अवधि में किश्तों में परिपक्वता मृत्यु लाभ प्राप्त करने के लिए निपटान विकल्प उपलब्ध है। इस योजना के तहत न्यूनतम बीमा राशि 5 लाख रुपये है और इसे 25,000 रुपये के गुणकों में बढ़ाया जा सकता है। अधिकतम बीमा राशि की कोई सीमा नहीं है। प्रवेश की न्यूनतम आयु चयनित पॉलिसी अवधि के आधार पर 90 दिनों से लेकर 5 वर्ष तक होती है। यह योजना केवल एलआईसी के कॉर्पोरेट एजेंटों,बैंकों सहित, बीमा विपणन फर्मों दलालों, सीपीएससी, एसपीवी और पीओएसपी, एलआई के माध्यम से खरीदने के लिए उपलब्ध है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

मैं, तमन्ना, निवासी फ्लैट नंबर 112, गुरू अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-06, द्वारका, नई दिल्ली 110075, यहां यह घोषणा करती हूं कि तमन्ना का नाम तमन्ना दहिया में बदल दिया गया हैं।

PD(90103)C

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अतुल गोयल पुत्र स्वर्गीय श्री सुरेश चंद गोयल, जो संपूर्ण भूतल, संपत्ति संख्या डी-4/9 पर निर्मित है। 282 वर्ग गज भूमि क्षेत्र में निर्मित मॉडल टाउन-III, दिल्ली-110009 में स्थित, हक त्याग विलेख दिनांक 14.12.2020 के रूप में दस्तावेज नंबर 12364 पर पंजीकृत है, तो आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड शाखा दिल्ली द्वार वित्तपोषित किया जाना है। 1. मूल बिक्री विलेख दिनांक 06.12.1956 पंजीकृत नंबर 5596, बुक नंबर 1, जिल्द नंबर 301 में, पेज नंबर 291-298 पर, दिनांक 06.12.1956 को उपनिबंधक कश्मीरी गेट दिल्ली के कार्यालय में पंजीकृत है। 2. मूल बिक्री विलेख दिनांक 10.01.1958 पंजीकृत नंबर 35, बुक नंबर 1 जिल्द नंबर 347 में, पेज नंबर 209-212 पर, दिनांक 10.01.1958 को उपनिबंधक कश्मीरी गेट दिल्ली के कार्यालय में पंजीकृत है, और 3. मूल वसीयत दिनांक 30.06.2003 पंजीकृत नंबर 7812 बुक नंबर 3 जिल्द नंबर 381 के पेज नंबर 199-220 पर, दिनांक 30.06.2003 को उपनिबंधक दिल्ली के कार्यालय में पंजीकृत है, दिल्ली कहीं खो गये है। जिसकी एफआईआर एल.आर. संख्या: 446593/2022 (प्राथमिकी) दिनांक 29.05.2022 को श्री अतुल गोयल पुत्र स्वर्गीय श्री सुरेश चंद गोयल के द्वारा अपराध शाखा में दर्ज की गई है।

यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमें इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में शून्य और शून्य के रूप में दावा माना जाएगा।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188326

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Mewa Lal S/o Late Sh. Babu Lal R/o DDA LIG Flat No. 33 Pankha Road Janak Puri, New Delhi - 110058. am the Owner of Flat No. 33, Ground Floor, Under Category- LIG, Block -A-4C, vide DDA's File No. L/16(16)1972/GEN/JP. The Original Documents viz (1)DDA Possession Letter (2) NOC for Electric and Water Connection has been lost the said property. An Information Report of this effect has been lodge in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.442471/2022 on 27/05/2022.

Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 7303231193 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that Sachin Jain s/o Vijay Kumar Jain is the owner of House No. X/2375, Gali No. 10, Raghubar Pura No. 2, Area measuring 35.11 Sq mtr situated in the Colony known as Gandhi Nagar Delhi-110031 vide Relinquishment Deed dated 04/01/2010 (Doc No. 74) executed by Shalini Jain and Release deed dated 23/08/2019 (Doc no. 6493) executed by Shalendra Jain s/o Sh Vijay Kumar Jain. Sachin Jain is in the process of mortgage the above said property and according to him, Shri Vijay Kumar Jain have 3 legal heirs Shalini Jain, Sachin Jain and Shailendra Jain. All person/s having any claim against or in respect of the said property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, possession, lease, tenancy, license, lien, charges, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the supporting documentary mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person will be considered to have been waived and/or abandoned.

Legal Access (Advocate)
132A, Anarkali Complex,
Jhandewalan,
New Delhi-110055.
Amit-9811377525

हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, 12 गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
फोन : +91 11 45108609, फैक्स : +91 1704 225178
ई-मेल आईडी : cs@himalyainternational.com, वेबसाइट : www.himalyafoodcompany.com
31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

लाख रू. में

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित)	वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित)	तिमाही समाप्त 31-03-2021 (लेखापरीक्षित)
1.	परिचालन से कुल आय अन्य आय	1451.31 5.81	6459.32 90.92	1942.13 -
2.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व)	696.81	1137.43	278.09
3.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद)	696.81	9492.32	278.09
4.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद)	728.81	9492.32	278.09
5.	अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं,	728.81	9492.32	278.09
6.	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति शेयर	5787.29	5787.29	5787.29
7.	प्रति शेयर अर्जन (i) मूल, रू. में (ii) तनुकृत, रू. में	1.26 1.26	16.40 16.40	0.48 0.48

नोट्स :

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और उसके बाद निदेशक मंडल द्वारा 30 मई, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षक ने उक्त वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण किया है।

उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.himalyafoodcompany.com) पर उपलब्ध है।

* परिचालन व्यय में खपत किया गया कच्चा माल, पैकिंग, मजदूरी, बिजली और ईंधन शामिल है।
** जी एवं एसए. (भारत एवं यूएसए के सामान्य, बिक्री एवं प्रशासनिक व्यय, जिसमें लॉजिस्टिक लागत सम्मिलित है)।
*** कम्पनी ने ओटीएस के कारण बैंकों के प्रति इसकी देयता कम की है और बैंकों को वर्तमान देय शेष वास्तविक देय शेष राशि में दर्शाया गया है, जिसमें मार्च, 2022 तक ब्याज सम्मिलित है।
**** कम्पनी ने निष्क्रिय आस्तियों पर मूल्यह्रास भी प्रभारित नहीं किया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./-
मन मोहन मलिक
प्रबंध निदेशक

तिथि : 30-05-2022
स्थान : पाओन्टा साहिब